**MP BOARD CLASS 12 QUESTION PAPER**
**HINDI SPECIAL 2018**

## Higher Secondary Examination (Regular) - 2018

हिन्दी विशिष्ट

**Hindi (Special)**

Time : 3 Hours / Total Que : 28 / Maximum Marks : 100

निर्देशः

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिये 5 अंक आवंटित है, उप प्रश्न पर 1 अंक आवंटित है।
3. प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2-2 अंक आवंटित है। प्रत्येक का उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए।
4. प्रश्न क्रमांक 17 सं 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3-3 अंक आवंटित है, प्रत्येक का उत्तर लगभग 30 से 75 शब्दों में लिखिए।
5. प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक के लिए 4-4 अंक आवंटित है, प्रत्येक का उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखिए।
6. प्रश्न क्रमांक 26 से 27 के लिए 5-5 अंक आवंटित हैं, प्र.'त्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखिए।
7. प्रश्न क्रमांक 28 के लिए 7$3त्र अंक आवंटित है, शब्द सीमा लगभग 250 शब्द है।

प्र.1 निम्नलिखित वाक्यों के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए: (5)

(अ) अक्रूर नन्दबाबा के यहाँ आए थे-

1. बलदाऊ 2. ग्वालाओं को लेने 3. नन्दबाबा को लेने 4. कृष्ण को लेने

(ब) आने वाली विपत्ति का पूर्ण निश्चय होता है।

1. अशोक 2. भय में 3. सम्भावना में 4. आशा में

(स) गौरा के बछड़े का नाम-

1. लालमणि 2. नीलमणि 3. बिल्ली 4. कबूतरी

(द) 'प्रकृति के सुकुमार कवि' कहे जाते है-

1. निराला 2. पंत 3. प्रसाद 4. कबीर

(ई) कवित्त के प्रत्येक चरण में वर्ण होते है-

1. 31 2. 36 3. 33 4. 28

प्र.2 उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए: (5)

(अ) आकाश में बादल आते ही ..................फूलने लगती है। (अम्बर/धरती)

(ब) यह संसार ..................है। इसमें दुःख क्या और सुख क्या। (क्षणभंगुर/अमिट)

(स) नैनो एक इकाई है जो एक मीटर के.......हिस्से के बराबर है। (हजारवें/अरबवें)

(द) माँ द्वारा सिखाई गई भाषा को ..............कहते है। (मातृभाषा/राष्ट्रभाषा)

(ई) ............के दो भेद महाकाव्य और खण्ड-काव्य है। (मुक्तक काव्य/प्रबन्ध काव्य)

प्र.3 निम्नलिखित वाक्यों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिए: (5)

(1) मुक्तिबोध नई कविता के कवि है।

(2) 'यशोधरा' आलोचनात्मक कविता है।

(3) केदारनाथ और बद्रीनाथ के पुजारी को रावल कहा जाता है।

(4) घर खीर तो बाहर खीर का अर्थ मिठाई खाना है।

(5) करुण का स्थायी भाव शोक हैं।

प्र.4 निम्नलिखित वाक्य का उत्तर एक वाक्य/शब्द में लिखिएः (5)

(अ) गजमुख का मुख कौन देखता है?

(ब) रामनारायण उपाध्याय को लिखने के लिए क्या चाहिए?

(स) डॉ. रामकुमार वर्मा की माताजी का क्या नाम था?

(द) रचना के आधार पर वाक्य के कितने प्रकार होते है?

(ई) रोला और उल्लाला के संयोग से कौन-सा छन्द बनता है?

प्र.5 स्तम्भ 'क' से स्तम्भ 'ख' का मिलान कर सही जोड़ी बनाइए: (5)

| स्तम्भ 'ख' | स्तम्भ 'ख' |
|---|---|
| (अ) मीरा के आराध्य - | (1) देवकी का व्योमातीत रूप |
| (ब) वापसी - | (2) द्वन्द्व समास |
| (स) कंस आतंकित था - | (3) श्रीकृष्ण |
| (द) गेय मुक्तक - | (4) उषा प्रियंवदा |
| (ई) माता-पिता - | (5) मीरा पदावली |
| | (6) केशव दास |
| | (7) महाकाव्य |

प्र.6 नाव में पानी भर जाने पर सयानों का क्या कर्त्तव्य है? (2)

अथवा

घनानन्द सुजान को क्या उलाहना देते है?

प्र.7 'पल्लव वसना' किसे कहा है? (2)

अथवा

कवि वीरेन्द्र मिश्र ने देशवासियों को मिल-जुलकर रहने पर अत्यधिक बल क्यों दिया है?

प्र.8 'अरी सुहागिन' सम्बोधन किसके लिए आया है? (2)

अथवा

कवि नवीन ने भारतीय युवाओं को ‘काल के भी काल’ क्यों कहा है?

प्र.9 माँ सरस्वती की वन्दना कौन-कौन करता है? (2)

अथवा

कृष्ण ने दही का दोना कहाँ छिपा लिया?

प्र.10 केवट के किन वचनों को सुनकर प्रभु को हँसी आ गई? (2)

अथवा

घर खुलते ही लेखक को कैसा लगने लगा था?

प्र.11 महानगरों में आवास की समस्या पर प्रकाश डालिए। (2)

अथवा

घर खुलते ही लेखक को कैसा लगने लगा था?

प्र.12 भय और आशंका में क्या अन्तर है? (2)

अथवा

गजाधर बाबू किस नौकरी से रिटायर हुए थे?

प्र.13 शरद जोशी के अनुसार अच्छे अध्यक्ष की कोई दो विशेषताएँ बताइए। (2)

अथवा

सम्मान के विषय में लेखक रामनारायण उपाध्याय की क्या मान्यता है?

प्र.14 उत्तराखण्ड के प्राकृतिक दृश्य श्रद्धालुओं को क्यों आकर्षित करते हैं? (2)

अथवा

नैनो मैटेरियल किसे कहते हैं?

प्र.15 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए: (2)

1. उसने मेरे को कुछ नहीं कहा।
2. आपका भवदीय।

अथवा

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए:

1. अंधेर मचाना
2. पलकें बिछाना

प्र.16 हास्यरस की परिभाषा सोदाहरण लिखिए। (2)

अथवा

काव्य की परिभाषा देते हुए उसके भेद बताइए।

प्र.17 ग्वाले ने गाय को सूई क्यों और कैसे खिला दी? (3)

अथवा

गणेशशंकर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

प्र.18 "बैर क्रोध का अचार या मुरब्बा है।" का भाव विस्तार कीजिए। (3)

अथवा

राजभाषा किसे कहते हैं? राजभाषा की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

प्र.19 रोला छंद किसे कहते हैं? इस छन्द का उदाहरण दीजिए। (3)

अथवा

यमक और श्लेष अलंकार में अन्तर बताइए।

प्र.20 रिपोर्ताज से क्या आशय है? रिपोर्ताज की तीन विशेषताएँ लिखिए। (4)

अथवा

निबन्ध को गद्य की कसोटी क्यों कहा गया है?

प्र.21 प्रयोगवाद की कोई दो प्रमुख विशेषताएँ बताते हुए दो प्रमुख कवियों के नाम तथा उनकी एक-एक रचना का नाम लिखिए। (4)

अथवा

नई कविता की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। दो प्रमुख कवि एवं उनकी दो रचनाओं के नाम लिखिए।

प्र.22 सूरदास अथवा केशवदास का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर लिखिएः (4)

(अ) दो रचनायें (ब) भाव पक्ष - कला पक्ष (स) साहित्य में स्थान ।

प्र.23 रामनारायण उपाध्याय अथवा उषा प्रियंवदा का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए: (4)

(अ) दो रचनायें (ब) भाषा-शैली (स) साहित्य में स्थान।

प्र.24 निम्नलिखित गद्यांश की सन्दर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए: (4)

किसी आती हुई आपदा की भावना या दुःख के कारण के साक्षात्कार से जो एक प्रकार का आवेगपूर्ण अथवा स्तम्भ-कारक मनोविकार होता है, उसी को भय कहते हैं।

अथवा

वसन्ती ने माँ की कोठरी की ओर देख "अभी आती ही होगी" और प्याले में उनके लिए चाय छानने लगी। बहू चुपचाप पहले ही चली गई थी। अब नरेन्द्र भी चाय का आखिरी घूँट पीकर उठ खड़ा हुआ। केवल बसन्ती, पिता के लिहाज में, चौके में बैठी माँ की राह देखने लगी। गजाधर बाबू ने एक घूँट चाय पी , फिर कहा "बिट्टी चाय तो फीकी है।"

प्र.25 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए: (4)

मैया कबहि बढ़ैगी चोटी।

कितीबार मोहि दूध पिअत भई, यह अजहूँ है छोटी।।
तू जो कहत बल की बेनी, ज्यौ, है हैं लाँवी मोटी।
काढ़त गुहत न्हपावत ओछत, नागिन सी भुँई लोटी।।
काचो दूध पिआवत पचि-पचि, देत न माखन रोटी।
सूर श्याम चिरजीवी दोऊ भैया, हरि हलधर की जोड़ी।।

अथवा

कबीर संगत सधु की, जो करि जाने कोय।
सकल विरछ चन्दन भये, बाँस न चन्दन होय।।

प्र.26 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (5)

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज से अलग उसके अस्तित्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती। परिचित तो बहुत होते है , पर मित्र बहुत कम हो पाते हैं , क्योंकि मैत्री एक ऐसा भाव है, जिसमें प्रेम के साथ समर्पण और त्याग की भावना मुख्य होती है। मैत्री में सबसे आवश्यक है परस्पर विश्वास।

मित्र एक ऐसा सखा, गुरु तथा माता है जो सबके स्थानों को पूर्ण करता है।

(अ) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ब) समाज से अलग किसके अस्तित्व की कल्पना नहीं की जा सकती ?

(स) मित्र किस-किसके स्थानों की पूर्ति करता है?

प्र.27 अपने विद्यालय के प्राचार्य को निर्धन छात्र कोष से छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु आवेदन-पत्र लिखिए। (5)

अथवा

परीक्षा अवधि में ध्वनि विस्तारक यन्त्र को बजाने पर प्रतिबन्ध लगाने के सम्बंध में जिलाधिकारी को पत्र लिखिए।

प्र.28 (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिये: (7)

(1) साहित्य समाज का दर्पण है। (2) विज्ञान के बढ़ते चरण।
(3) जल का महत्व। (4) पर्यावरण प्रदूषणः समस्या और निदान।

(ब) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिये: (3)

(1) पराधीन सपने सुख नाहीं।
(2) यातायात की बढ़ती समस्या।
(3) श्रम का महत्व।
(4) दीपावली।

...........................